हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 5 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 36 .0 डिग्री
न्यूनतम 17 .0 डिग्री

13 जयंती देवी मंदिर में सप्तमी पर मां दुर्गा के दर्शनों के लिए उमड़ी भीड़



13 नवनियुक्त चिकित्सकों को पढ़ाया दायित्व का पाठ



## खबर संक्षेप

### आज सात घंटे बंद रहेगा नरवाना रोड अर्बन फीडर

**जींद**। शनिवार को 11केवी नरवाना रोड अर्बन फीडर 7 घंटे बंद रहेगी। इस दौरान मुरम्मत का काम किया जाएगा। कार्यकारी अभियंता विकास मलिक के अनुसार इस फीडर से जुड़ी शिवपुरी कालोनी, शीतलपुरी कालोनी, सुंदर नगर, अपोलो रोड, शांति नगर, त्रिकोना पार्क और पटियाला चौक एरिया की बिजली सप्लाई सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बाधित रहेगी।

### कार-बाइक की टक्कर में चाची की मौत, भतीजा घायल

**कैथल**। गांव टीक के निकट कार चालक ने बाइक को टक्कर मारने से महिला की मौत हो गई जबकि भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा उसके परिजनों को सौप दिया। हादसे के बाद कर चालक मौके से फरार हो गया। गांव बारोट के प्रवीण ने सदर पुलिस कैथल को शिकायत दर्ज करवाई है।

### चोरी की नियत से फैक्ट्री में घुसे दो युवक, केस दर्ज

**जींद**। डूमरखां कलां के निकट फैक्टरी में चोरी की नियत से घुसे दो युवक चौकीदार के साथ झगड़ कर अपना बाइक लेकर फरार हो गए। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरी नगर निवासी महेंद्र ने शिकायत में बताया कि वह गांव डूमरखां कलां के निकट फैक्टरी में चौकीदार है।

### फर्जी अधिकारी बनकर 95941 रुपये ठगे

**कैथल**। साइबर ठगों द्वारा फर्जी क्रेडिट का अधिकारी बनकर एक व्यक्ति से 95941 की धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। गांव सीवन के अर्जुन देव रहेजा ने साइबर क्राइम पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 29 जुलाई 2024 को व्यक्ति का कॉल आया। स्वयं को क्रेडिट कार्ड अधिकारी बताया आरोपी ने बातों में लेकर ओटीपी पूछ कर उसके खाते से 95941 की राशि निकलवा ली।

### रग्बी प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन कल

**जींद**। सीनियर नेशनल रग्बी 7एस चैंपियनशिप जो गुवाहाटी के इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में 23 से 28 अप्रैल तक होगी उसके लिए टीम का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता भारतीय रग्बी फुटबॉल यूनियन द्वारा आयोजित करवाई जाएगी। प्रधान सुरेश ने बताया कि चयन ट्रायल 6 को सोनीपत के नंगल कलां रग्बी ग्राउंड पर भारतीय रग्बी फुटबॉल यूनियन की देखरेख में आयोजित किया जाएगा।

### पूर्व सैनिकों की कल होगी मासिक मीटिंग

**कैथल**। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसो की अप्रैल मास की मासिक मीटिंग का आयोजन 6 अप्रैल प्रातः 9:00 बजे हनुमान वाटिका नजदीक नया बस अड्डा कैथल में होने जा रही है। प्रधान जगजीत ने बताया की हर मास की तरह से सभी की समस्या सुनी जाएगी। मीटिंग में जिला व सभी ब्लोक पदाधिकारी सदस्यगण व मातृशक्ति सभी पहुंचे।

### पशुबाड़े में आग लगा मालिक को धमकाया

**जींद**। गांव निडाना में पशुबाड़े में आग लगाने तथा धमकाने पर जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार लोगों के खिलाफ आगजनी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सामान चोरी के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

**कैथल**। शिकंजा कसते खेत कोठा से सामान चोरी करने के मामले की जांच थाना ढांड पुलिस के एचसी संदीप कुमार की टीम ने आरोपी गांव फरल निवासी राजपाल, सोनू व रोशन को गिरफ्तार कर लिया। पबनावा निवासी ईश्वर सिंह की शिकायत अनुसार 10 फरवरी की रात उसके व पड़ोसी के खेतों से मोटर स्टार्टर, तार व कन्ट्रोलर आदि सामान चोरी कर ले गए।

## गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली देने के लिए निगम तैयार

# गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को बार-बार लगने वाले कटों का दंश नहीं झेलना पड़ेगा

### सेक्टर छह, सात, आठ और नौ में रहने वाले लोगों की हुई बिजली समस्या दूर

### 19 सब स्टेशनों की क्षमता बढ़ी, 24 करोड़ से कंडक्टर, तार और ट्रांसफार्मर बदले

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को बिजली निगम ने गर्मी के मौसम के पहले ही तैयारियां पूरी कर ली है। गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को बार-बार लगने वाले कटों का दंश न झेलना पड़ेगा। इसको लेकर जिले में ओवरलोड ट्रांसफार्मरों का लोड बांट दिया है वहीं गर्म होकर टूटने वाली तारों की जगह आर्म्ड केबल बिछा दी गई है। अब तारों के गर्म होकर टूटने जैसी समस्या नहीं आएगी। जिले में 19 सब स्टेशनों की क्षमता बढ़ा दी है 24 करोड़ रुपये से कंडक्टर, फ्यूज तार और ट्रांसफार्मर बदले गए हैं। हालांकि

अभी निगम सिस्टम को सुधारने पर 22 करोड़ के कार्य का होना बाकी है। इस बार गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को बिजली जाने की समस्या को नहीं झेलना पड़ेगी। जिला के 278 ट्रांसफार्मरों पर लोड था। जिससे बार-बार कंडक्टर जलने, फ्यूज उडने और ट्रांसफार्मर जलने की समस्या रहती थी लेकिन इनमें से 221 जगह नए ट्रांसफार्मर रखवा दिए हैं। इसके अलावा 237 नए ट्रांसफार्मर रखने थे। उनमें से 175 ट्रांसफार्मर रख दिए हैं। बाकी 30 अप्रैल तक रख दिए जाएंगे। 175 ट्रांसफार्मरों में चार 25 केवीए 41 ट्रांसफार्मर 63 केवीए 86 ट्रांसफार्मर 100 केवी और चार ट्रांसफार्मर 200 केवी के रखे गए हैं। इसके अलावा खटकड़, दालमवाला, नगूरां, शामदों सब स्टेशन में मरम्मत का काम पूरा हो गया है वहीं रूपगढ़ए खटकड़ में नई लाइन बिछा दी है। बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने के लिए शहर में आर्म्ड केबल बिछाने का कार्य चल रहा है। अब तक लगभग 15 किमी लंबी केबल बिछाई जा चुकी है। आर्म्ड केबल बिछने से आपूर्ति में सुधार होगा और बिजली कटौती कम होगी। आर्म्ड एक प्रकार की केबल होती है, जिसे धातु के आवरण (आर्मर) से ढका जाता है। इससे यह बाहरी क्षति से सुरक्षित रहती है और इसके कारण बिजली की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। शहर के कैथल रोड, नरवाना रोड, रेलवे रोड, सिटी 1 और चार में आर्म्ड केबल बिछाई जा चुकी है। गर्मी के मौसम में बिजली की खपत बढ़ने से तार, ट्रांसफार्मर, कंडक्टर जलने की निगम के पास शिकायतें आती रहती थी। वहीं फ्यूज उड़ना तो आम बात थी। जिससे बिजली बाधित हो जाती थी।



जींद। सेक्टर जहां की बिजली समस्या का समाधान होने जा रहा है।

#### परेशानी नहीं होगी

बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता हरिदत्त ने बताया कि गर्मी के मौसम से पहले निगम ने पूरी तैयारियां कर ली है। 278 का लोड बांटने के लिए 221 नए ट्रांसफार्मर रख दिए हैं वहीं नई जगह अलग-अलग 175 ट्रांसफार्मर रखवा दिए हैं। इसके अलावा आर्म्ड केबल बिछाने का भी काम चल रहा है। उपभोक्ताओं को गर्मी में बिजली से संबंधित परेशानी नहीं होगी।

#### बेहतर सुविधा मिलेगी

जेई अमित ने बताया कि एचएसवीपी का प्रयास है कि सेक्टरवासियों को बेहतर सुविधा दी जा सके। इसके लिए शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से सेक्टर सात में ट्रांसफार्मर लगवाए जाएंगे। इसके अलावा सेक्टर छह, सात, आठ और नौ में स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत भी करवाई जाएगी। इसके लिए एचएसवीपी ने टेंडर लगाए हैं। टेंडर अलॉट होने के बाद संबंधित एजेंसी काम करेगी।

#### सत्रह लाख रुपये की राशि खर्च होगी

सेक्टर छह, सात, आठ और नौ में रहने वाले लोगों को गर्मियों में बिजली से संबंधित समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए एचएसवीपी की ओर से सेक्टर सात में 200 केवी के तीन ट्रांसफार्मर रखे जाएंगे। वहीं सेक्टर छह, सात, आठ और नौ में स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का कार्य किया जाएगा। ट्रांसफार्मर लगवाने के लिए 16 से 17 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। इसके लिए शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से टेंडर लगाए गए हैं। इसकी ऑनलाइन बिड अप्रैल माह के तीसरे सप्ताह में खुलेगी। टेंडर अलॉट होने के बाद संबंधित एजेंसी की ओर से काम किया जाएगा। बता दें कि सेक्टर छह, सात आठ व नौ शहर के पॉश क्षेत्र में आते हैं। यहां सिविल लाइन थाना, पॉलीक्लीनिक सहित चार से पांच निजी अस्पताल भी हैं। चारों सेक्टरों में 2500 मकान हैं। जिसमें लगभग आठ हजार की आबादी है। सेक्टरों की सड़कें निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज नरवाना-रोहतक हाईवे और शहर में सफीदों रोड को जोड़ती हैं। ऐसे में यहां वाहनों का आवागमन ज्यादा है। इसके अलावा सेक्टरवासी सुबह और रात को सड़कों क्रों पर सैर करते हैं। स्ट्रीट लाइट खराब होने के चलते रात के समय सेक्टरवासियों को आवागमन में परेशानी होती है।



कैथल। एंटी नारकोटिक सैल पुलिस गिरफ्त में नशा तस्कर।

# महिला सहित दो नशा तस्कर किए गिरफ्तार

### 3.124 किलोग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

जिला पुलिस द्वारा नशा न करने बारे आमजन को जागरूक किया जा रहा है, वहीं पर पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी मुहिम तहत एंटी नारकोटिक सेल द्वारा गांव देवबन कैंची से एक महिला सहित 2 नशा तस्करो को 3 किलो 124 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबू कर लिया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी एसआई सिंहराज की अगुवाई में एसआई जोगिंद्र सिंह की टीम रात्रीकालीन गश्त दौरान तितरम बस अड्डा के पास मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली कि हरसोला बस्ती कैथल निवासी पूजा व गढ़ी मोहल्ला रोहतक निवासी दीपक दोनों भाई बहन मिलकर ग्राहकों को नशीला पदार्थ गांजा फूल पत्ती बेचने का काम करते है। जो अभी गांजा फूल पत्ती लेकर जींद की तरफ से देवबन होते हुए थ्री व्हीलर में कैथल जाएगे। जिनको नाकाबंदी करके काबू किया जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देते गांव देवबन कैंची पर नाकाबंदी करके वाहनों की चैकिंग शुरू की गई।

# रंगदारी मांगने के चार आरोपी दबोचे

- पुलिस ने वारदात में प्रयोग गाड़ी व डंडे किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

शहर थाना पुलिस ने श्याम नगर कोलोनी निवासी विकास को असलहा दिखाकर 20 लाख की फिरौती मांगने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में चार आरोपितों को काबू किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान दिनेश वासी हरि सिंह चौक जावा कालोनी पानीपत, हिमांशु वासी अशोक विहार कालोनी पानीपत, पुनीत वासी दालमवाला व रामदास वासी गांव साहनपुर जींद के रूप में हुई है।

जानकारी देते हुए थाना शहर प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि मूल रूप से गांव दालमवाला हाल आबाद श्याम नगर निवासी विकास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह प्रोपर्टी डीलर का कार्य करता है। 20 मार्च की देर रात को उसके गांव का ही पुनीत उर्फ कड़वा लगभग आधा दर्जन युवकों के साथ घर आया। वह घर में घुसे युवकों को नही जानता था। आरोपित ने बताया कि वह पुनीत कड़वा है। उसे पिस्तौल दिखाते हुए 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। आरोपित ने कहा कि 20 लाख रुपये दे दो नही तो तुझे और तेरे परिवार को जान से मार दूंगा। आरोपित उसे दो दिन की मोहलत देते हुए धमकी देता हुआ। अपने साथियों के साथ चला गया। शहर थाना पुलिस ने विकास की शिकायत पर पुनीत उर्फ कड़वा को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ रंगदारी मांगने,मारने की धमकी देने, आर्म्ज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।



# खाली पदों पर समायोजित करने की मांग

### एचकेआरएन के तहत लगे अध्यापकों ने डीईओ को सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

एचकेआरएन के तहत लगे पीजीटी तथा टीजीटी अध्यापकों ने वीरवार को जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा देवी को ज्ञापन सौंप कर नई भर्ती, पदोन्नति व ट्रांसफर से प्रभावित अध्यापकों को रिक्त पदों पर समायोजित करने के बाद ही रिलीव करने की मांग की है। एचकेआरएन अध्यापक एसोसिएशन के आह्वान पर पीजीटी तथा टीजीटी अध्यापक नेहरू पार्क में एकत्रित हुए। जिन्होंने सरकार के आदेशों पर मंथन किया। उन्होंने कहा कि सरकार के आदेशों से एचकेआरन के तहत लगे काफी संख्या में अध्यापक बेरोजगार होने तथा आजीविका को संकट पैदा हो जाएगा। एचकेआरन के तहत लगे सभी अध्यापक सभी योग्यता पूरी करते हैं। वे अपने कार्य को पूरी निष्ठा के तहत पूरा कर रहे हैं। जिसके बाद सभी अध्यापक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे और उन्होंने मांग की कि नई भर्ती, ट्रांसफर, पदोन्नति से प्रभावित एचकेआरएन टीजीटी, पीजीटी अध्यापकों को जिले के दूसरे स्कूलों में खाली पड़े पदों पर समायोजित कर ही रिलीव किया जाए।



डीईईओ को ज्ञापन सौंपते एचकेआरएन के तहत काम कर रहे अध्यापक।

#### ये रहे मौजूद

जिला शिक्षा अधिकारी ने अध्यापकों को आश्वासन दिया कि उनकी मांग को सरकार के पास भेज दिया जाएगा। इस मौके पर लक्ष्मी, ममता, साक्षी, पूनम, सुनीता, बबीता, राकेश, सत्येंद्र, कृष्ण, विरेंद्र समेत काफी संख्या में एचकेआरन के तहत लगे अध्यापक मौजूद थे।

# दो माह से पेयजल के इंतजार में बैठे शाहपुरवासी

- बोले सरपंच : विभाग सोमवार तक करें समाधान, अन्यथा जींद-कैथल रोड़ जाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अलेवा

शाहपुर स्थित रामदासिया कालोनी के लोगों को करीब दो महीने से पीने का पानी नहीं मिलने के चलते सरपंच जयपाल के नेतृत्व मे ग्रामीणों ने जलापूर्ति विभाग तथा सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया। सरपंच तथा ग्रामीणों का कहना था कि विभाग सोमवार तक चाहे तो कालोनी के लोगों की पीने के पानी की समस्या का समाधान कर दें, अन्यथा ग्रामीण सोमवार को जींद-कैथल मार्ग को जाम करने पर मजबूर होगें। गांव शाहपुर के सरपंच जयपाल, वेद, रामनिवास, रोशन, तेलू, बलदेव, सत्यवान तथा महिला फूलपति, सुमन, कमलेश, संतोष आदि का कहना है कि वर्षो बीत जाने के बाद उनकी कालोनी के लोगों को पीने का पानी नसीब नहीं हो रहा है। जिसके कारण समस्त कालोनी पेयजल को लेकर तरस रही है। करीब तीन महिने पूर्व सरपंच के प्रयासों से कालोनी में पेयजल के लिए पाइप तो पहुंच गए लेकिन ठेकेदार गली में 10 पाइप बिछाकर आधी अधूरा काम छोड़ कर दो महिने से रफू चक्कर हो गया। जिसके कारण कालोनी के लोगों को पीने का पानी तो मिलना दूर की बात गली के उबड़-खाबड़ के कारण उनका जीना दुबर हो गया। इसके लिए विभाग के अधिकारियों को अनेक बार सूचित किया लेकिन फिलहाल विभाग के अधिकारी उनकी बातों को अनसूना कर रहे हैं। जिसके कारण कालोनी के लोगों में विभाग तथा सरकार के खिलाफ रोष है।



अलेवा। शाहपुर गांव में विरोध प्रकट करते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

#### नहीं होगी दिक्कत

जलापूर्ति विभाग जींद के एसडीओ रणबीर सिंह ने बताया कि उनकी ठेकेदार से बात हो चुकी है, सोमवार से गली में पाइप दबाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद कालोनी के लोगों को पीने के पानी मामले में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आएगी।

### भाकियू के पदाधिकारियों ने सचिव को सौंपा ज्ञापन

**अलेवा**। भाकियू के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को अनाज मंडी में बिकने वाली किसानों की फ सलों के उठान व रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था जल्दी से जल्दी कराने के लिए अलेवा मार्किट कमेटी कार्यालय पहुंचकर मार्केट कमेटी सचिव विकास ढिल्लों को ज्ञापन दिया। इसकी अध्यक्षता बीकेयू के जिला प्रधान बारू राम ने की। सचिव को सौंपे ज्ञापन में बीकेयू के पदाधिकारियों ने कहा कि आपने अनाज मंडी में सीजन के दौरान बिकने वाली किसानों की फ सल की रजिस्ट्रेशन की कोई पूरी व्यवस्था नही की। उन्होंने कहा कि गेहूं का सीजन शुरू होने के साथ ही आपने अभी तक बारदाना व उठान के लिए कोई टैंडर नही कराया। कई मंडियों में कि सानों की सरसों की फ सल का वजन भी सही नही कराया जा रहा है। बीकेयू मार्केट कमेटी के उच्च अधिकारियों व सचिव से किसानों की फ सल सबंधी सभी समस्याओं का जल्द हल कराने की उम्मीद करती है।

# जुलाना कस्बे के लोगों की 52 करोड़ से बुझेगी प्यास

- किल्लत को दूर करने के लिए कस्बे में तीन जगह बुस्टर बनाए जाएंगे : चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जुलाना

जुलाना कस्बे के सभी वार्डो में लोगों को पेयजल और सीवरेज की अव्यवस्था से दो चार होना पड़ रहा है लेकिन जल्द ही लोगों की समस्याओं के समाधान की उम्मीद है। क्योंकि पेयजल और सीवरेज व्यवस्था को दुरूस्त करते के लिए 52 करोड़ की लागत से होने वाले काम को मंजूरी मिल गई है। नपा के चेयरमैन डा. संजय ने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा कस्बे की पेयजल किल्लत और सीवरेज की व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए मसौदा भेजा गया था। इसी के तहत सरकार ने मंजूरी देते हुए 52 करोड़ का टेंडर भी दे दिया है। जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। पेयजल किल्लत को दूर करने के लिए कस्बे में तीन जगह बुस्टर बनाए जाएंगे और पुरानी तकनीक से बनाए गए टैंकों का नई तकनीकि में बदला जाएगा। सरकार हर घर जल हर घर नल योजना के तहत कस्बे के सभी वार्डो में घर घर तक स्वच्छ पानी पहुंचाने का काम करेगी। 15 दिन के अंदर सीवरेज व्यवस्था को दुरूस्त किया जाएगा।

## कैथल में पीला सोना खरीद के लिए 51 केंद्र बनाए

# अनाज मंडी में चौथे दिन भी नहीं पहुंचा गेहूं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

जिले में गेहूं खरीद के लिए मार्केट कमेटी की ओर से पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। खरीद के लिए 51 केंद्र बनाए हैं। इसमें कैथल की मंडियां, कलायत, पंडूरी, ढांड, पाई, गुहला-चीका आदि केंद्रों पर गेहूं की खरीद की जाएगी। अब आढ़तियों को गेहूं की आवक का इंतजार है। शुक्रवार को चौथे दिन भी रहा गेहूं की आवक का इंतजार रहा। इस दौरान भी किसी भी अनाज मंडी में गेहूं की आवक भी नहीं हुई है। बता दें कि जिला में अभी तो गेहूं की कटाई शुरू हुई है और मंडियों में गेहूं पहुंचने में अभी एक सप्ताह का और समय लगेगा। जिला में गेहूं की पंजीकृत भूमि 84 हजार 856 एकड़ है और प्रति एकड़ से किसानों को 20 क्विंटल गेहूं की पैदावार मिलती है। अब खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड और वेयरहाउस जिला में गेहूं खरीद करेंगी। इसके साथ ही खंड में अधिक गेहूं खरीद के लिए अतिरिक्त केंद्र बनाने की डिमांड मार्किट कमेटी की ओर से भेजी गई है। अगर मंडी में अधिक भीड़ हुई तो अतिरिक्त मंडी को उप खरीद केंद्र बनाया जाएगा और इसमें अनाज मंडी के आढ़ती ही खरीद कर पाएंगे। सभी मंडियों में किसानों के बैठने के लिए पूरी सुविधा है। इसके साथ ही शौचालय व पानी का भी उचित प्रबंध किया गया है। सरसों की खरीद कई केंद्रों पर चल रही है जबकि गेहूं की आवक अधिक होने के अनुमान से पिछले वर्ष की तरह ही पांच केंद्र रहेंगे। फसल खरीद के बाद किसानों को 48 घंटे में पेमेंट दी जाएगी। प्रतिदिन सुबह आठ से शाम छह बजे तक कटेंगे। गेट पास मार्किट कमेटी की ओर से सभी केंद्रों पर सोमवार से शनिवार तक सुबह आठ बजे से शाम छह बजे गेटपास जारी किए जाएंगे। रविवार को खरीद कार्य मंडी में बंद रहेगी और किसी प्रकार की हलचल मंडी में नहीं होगी। गेहूं का एमएसपी रेट 2425 रुपये तय किया है। सरसों की खरीद चल रही है गेहूं की खरीद सरकारी तौर पर मंगलवार से शुरू कर दी गई है।



#### फसल अच्छे से सुखाकर लाएं

किसानों के लिए मंडी में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था है और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। किसान अपनी फसल अच्छे से सुखाकर लाएं। फसल में नमी पाए जाने पर खरीद नहीं की जाएगी और उन्हें फिर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# 257320 रुपये ब्याज सहित वापस लौटाने के दिए आदेश

- इलाज में लापरवाही बरतने पर जिला उपभोक्ता आयोग ने अस्पताल को लगाई कड़ी फटकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

जिला उपभोक्ता आयोग ने एक मामले में सुनवाई करते सुखदा मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल हिसार को इलाज के लिए वसूले गए 57320 और 200000 मुआवजे के तौर पर ब्याज सहित रोगी को लौटाने के आदेश दिए हैं। आयोग ने वहां की सहयोग एंबुलेंस सेवा को भी 18000 रुपये ब्याज सहित वापस करने के आदेश दिए हैं। यह राशि 45 दिन के अंदर लौटनी होगी। इस बारे में कैथल के एडवोकेट अशोक गौतम ने जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार अशोक गौतम की सितंबर 2020 में तबीयत खराब थी। इसके लिए वे सुखदा मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल हिसार गए। डॉक्टरों ने कहा कि हालत गंभीर है, इसलिए आईसीयू में रखना पड़ेगा। अशोक के टेस्ट भी करवाए। इसके लिए अस्पताल द्वारा जितने पैसे मांगे अशोक ने अस्पताल में जमा करवा दिए। कुछ समय बाद अस्पताल के स्टाफ ने कहा कि उनकी हालत बहुत खराब है अस्पताल गुडगांव ले जाओ, हम वहां फोन कर देंगे।



पृथ्वी सूर्य के चारों ओर 29 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से चक्कर लगा रही है।



धरती से अगर चन्द्रमा गायब हो जाए तो पृथ्वी पर एक दिन महज छह घंटे का होगा।

# प्रकृति प्रेमी हैं तो वन सेवा में ऑफिसर अच्छा करियर विकल्प



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारतीय वन सेवा का पद भारत की अखिल भारतीय सेवाओं में से एक है। अगर आपका भी सपना है कोई अच्छे पद पर सरकारी जॉब करने का तो आपके लिए आईएफएस एक बढ़िया ऑप्शन हो सकता है। आईएफएस एक ऐसी सरकारी जॉब है जिसमे आप अपना बेहतरीन करियर बना सकते हो। यह लेख पड़ने के बाद आप यह अच्छे से समज सकेंगे कि आईएफएस ऑफिसर कैसे बने और आईएफएस का फुल फोर्म क्या होता है। आईएफएस बनने के लिए क्या क्या योग्यता होनी चाहिए। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। हालांकि यह करियर बनाने का एक बेहतरीन क्षेत्र है।

## क्या होता है इंडियन फॉरेस्ट सर्विस

इंडियन फॉरेस्ट सर्विस (आईएफएस ) जिसे हिंदी में भारतीय वन सेवा के पद के नाम से जाना जाता है और यह भारत की अखिल भारतीय सेवाओं में से एक है। जैसे कि आईएसएस, आईपीएस और आईएफएस। आईएफएस को 1966 में अखिल भारतीय सेवा अधिनियम 1951 के तहत भारत सरकार द्वारा गठित किया गया। जैसे कि नाम से ही पता चलता है फॉरेस्ट ऑफिसर का काम जंगलों की देखरेख करने से लेकर जंगलों की अवैध कटाई पर रोक लगाने का होता है। अब तो वन विभाग सेक्टर में काफी बदलाव भी आ रहे है जैसे कि इसमें बहुत ज्यादा नौकरियां निकलने लगी है और वन विभाग में अफसर होना कोई छोटी बात नहीं है और इसमें सैलरी पैकेज भी काफी अच्छा रहता है। आईएफएस यानी कि इंडियन फोरेस्ट सर्विस की नियुक्ति एक वन रक्षक के रूप में होती है जिसमे आपको देश की सेवा करने का मौका भी मिलता है। आईएफएस की जॉब में एक शानदार भविष्य की कामना कर सकते है।

## जरूरी योग्यताएं

आईएफएस बनने के लिए आपको सबसे पहले इसके एग्जाम की पतैयारी पर पूरा ध्यान देना होगा। अगर आप नहीं जानते है कि आईएफएस की तैयारी कैसे करे तो घबराइए मत हम आपको पूरा प्रोसेस शेयर करेंगे। आईएफएस के पद पर कार्यरत होने के लिए आपको आईएफएस का एग्जाम पास करना जरुरी होता है इसके बाद ही हम इस पद के अधिकारी बन सकते है। आईएफएस के लिए क्या योग्याएं होनी चाहिए चलो जानते है।

### ये है आयु योग्यता

अगर आप इंडियन प्रेस ऑफिसर बनना चाहते हैं तो आपकी न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष और अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष होनी अनिवार्य है। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग जैसे ओबीसी , एससी, एसटी और ईडब्ल्यूएस आदि कैंडिडेट के लिए आयु सीमा में छूट का प्रावधान मिलता है।

### स्नातक की डिग्री जरूरी

फोरेस्ट विभाग में ऑफिसर बनने के लिए शैक्षिक योगयता में उमीदवार को किसी एक विषय में स्नातक डिग्री होना जरुरी है। जैसे कि गणित, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, पशु चिकित्सा विज्ञान, पशुपालन इंजीनियरिंग, वानिकी, वनस्पति विज्ञान, कृषि सांख्यिकी अदि में किसी भी सब्जेक्ट में ग्रेजुएट है तो आप फोरेस्ट ऑफिसर बनने के लिए अप्लाई कर सकते हो।

## पास करनी होगी परीक्षा

**भारतीय वन अधिकारी बनने के लिए आपको तीन चरणों को क्लियर करना होता है जिसके बाद आईएफएस बन सकते हैं।**

**प्राथमिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार**

इन तीनों राउंड में से सबसे पहले आपका प्री एग्जाम होता है जो ऑब्जेक्टिव टाईप रहता है और प्री एग्जाम को पास कर लेने के बाद आप मेन्स एग्जाम में बैठने के योग्य होते हैं। और मुख्य परीक्षा आपकी सब्जेक्टिव यानी कि इसमें विस्तार से प्रश्न पूछे जाते हैं। प्री और मेन्स परीक्षा पास कर लेने के बाद आखिर में कैंडिडेट्स को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है जो के फाइनल स्टेप होता है। इस इंटरव्यू को क्लीयर कर लेने के बाद कैंडिडेट्स को फाइनली ट्रेनिंग के लिए भेजा जाता है।

### मुख्य काम

वन विभाग और वन मंत्रालय की जानकारी के लिए जंगल के पेड़ पौधों, जीव जंतुओं से जुड़ा सर्वे करना, कागजी कार्यवाही करना और रिपोर्ट तैयार करना। भेड़, बकरियों व अन्य सभी पालतू जानवरों को वन भूमि पर चरने से रोकना। घायल जीव जंतुओं और पक्षियों को चिकित्सा सहायता देना या उन्हें ऐसे जगह पहुंचाना जहां वे ठीक हो सके और सुरक्षित रहें। जंगल में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना ताकि जंगल का विकास हो सके। शिकारियों को शिकार ना करने देना, अवैध रूप से काटी गई लकड़ी या शिकार किए गए जानवरों या जानवरों के अंगों को जब्त करना।

### सैलरी

आईएफएस अफसर के बारे सभी जानकारी जानने के बाद अब हमारे मन में आखरी और महत्वपूर्ण सवाल होता है कि आखिर इतनी मेहनत करने के बाद आईएफएस की सैलरी क्या होगी। तो हम आप को बता दें कि आईएफएस अफसर को सैलरी काफी अच्छी मिलती है और उसमे समय समय पर इजाफा भी होता है। आईएफएस के पद में 15600 रु प्रति माह से लेकर 40000 रु प्रति माह वेतन देह होता है और 5400 रु ग्रेड पे भी मिलती है। आईएफएस के पद में कई सारे भत्ते अदि भी मुहैया कराये जाते हैं।

---

## यह पेशा रुतबे के साथ-साथ अच्छा पैसा कमाने का भी देता है मौका

# ट्रेंड फोरकास्टर बन बाजार की नीतियों को पहचानें और बनाएं शानदार करियर

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



अगर आप भी एक नए करियर विकल्प को अपनाना चाह रहे हैं तो आपके लिए ट्रेंड फोरकास्टर बनना एक अच्छा करियर विकल्प हो सकता है। इस पेशे में रुतबे के साथ-साथ अच्छा पैसा कमाने का भी मौका मिलता है। अगर आपको बदलते फैशन, बाज़ार की नीतियों, सामाजिक प्रवृत्तियों को समझने और भविष्यवाणी करने में रुचि है, तो ट्रेंड फोरकास्टर एक बेहतरीन करियर विकल्प है। यह पेशा आपको उद्योगों के भविष्य को समझने और नई संभावनाओं को खोजने का अवसर देता है। ट्रेंड फोरकास्टिंग मुख्य रूप से फैशन, टेक्नोलॉजी, बिजनेस, मार्केटिंग और सांस्कृतिक रुझानों का विश्लेषण करके कंपनियों को आने वाले बदलावों के लिए तैयार करने में मदद करता है। ट्रेंड फोरकास्टिंग में गहरी रिसर्च, उपभोक्ताओं के व्यवहार का विश्लेषण, और डिजिटल टूल्स का उपयोग करके भविष्य के ट्रेंड्स को पहचानने की आवश्यकता होती है। यह पेशा न केवल रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देता है, बल्कि विभिन्न उद्योगों में कंपनियों की रणनीतियों को भी आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चाहे वह फैशन डिजाइनर हों, मार्केटिंग टीमें हों, या निवेशक, सभी ट्रेंड फोरकास्टर्स की भविष्यवाणियों पर भरोसा करते हैं ताकि वे प्रतिस्पर्धा में आगे रह सकें।

## उद्योगों के भविष्य को समझने में करता मदद




Pexels/Los Muertos Crew

## ट्रेंड फोरकास्टर क्या है



ट्रेंड फोरकास्टर का मुख्य कार्य भविष्य के ट्रेंड्स की पहचान और विश्लेषण करना होता है। वे विभिन्न डेटा, उपभोक्ता व्यवहार, बाजार की स्थितियों और सामाजिक बदलावों का अध्ययन करके आने वाले महीनों या वर्षों में संभावित रुझानों की भविष्यवाणी करते हैं।

## ट्रेंड फोरकास्टिंग के प्रमुख क्षेत्र

- फैशन ट्रेंड फोरकास्टिंग : आगामी कपड़ों की शैलियों, रंगों, और डिज़ाइनों की भविष्यवाणी करना।
- बिजनेस और मार्केटिंग फोरकास्टिंग: उपभोक्ताओं के व्यवहार और खरीदारी के रुझानों को समझना।
- टेक्नोलॉजी ट्रेंड फोरकास्टिंग: नई तकनीकों और डिजिटल परिवर्तनों की भविष्यवाणी करना।
- सांस्कृतिक और सामाजिक ट्रेंड्स: समाज में होने वाले बदलावों और उनकी दिशा को समझना।
- ब्यूटी और लाइफस्टाइल फोरकास्टिंग: स्किनकेयर, मेकअप और हेल्थ से जुड़े रुझानों की पहचान।

## वेतन और संभावनाएं

ट्रेंड फोरकास्टिंग में वेतन निजी और सरकारी क्षेत्रों में भिन्न हो सकता है। निजी कंपनियों में, एक शुरुआती ट्रेंड। इसमें अनुभव के आधार पर भी वेतन निर्भर करता है। जितना अच्छा आपका अनुभव होगा उतना ही आप कमाई कर पाएंगे।

फोरकास्टर को 40,000 रुपये से 60,000 रुपये प्रति माह मिल सकता है, जबकि अनुभवी पेशेवरों का वेतन 1,50,000 रुपये से 3,00,000 प्रति माह तक हो सकता है। शीर्ष स्तर के ट्रेंड फोरकास्टर्स को डेलॉयट, बीसीजी, नीलसन, और मैकिन्से जैसी कंपनियों में आकर्षक पैकेज मिलते हैं।

-सरकारी संगठनों जैसे भारतीय कपड़ा मंत्रालय, राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद, और भारत सरकार के उपभोक्ता मामलों के विभाग में भी ट्रेंड विश्लेषकों की मांग रहती है, जहां वेतन 50,000 रुपये से 1,20,000 रुपये प्रति माह तक हो सकता है। फ्रीलांस ट्रेंड फोरकास्टर्स भी क्लाइंट-बेस्ड मॉडल पर अच्छी कमाई कर सकते हैं।

## तेजी से बढ़ता हुआ करियर

ट्रेंड फोरकास्टिंग एक रोमांचक और तेजी से बढ़ता हुआ करियर है। यदि आपको मार्केटिंग, फैशन, टेक्नोलॉजी और उपभोक्ता व्यवहार की गहरी समझ है और आप नई चीज़ों की भविष्यवाणी करने में रुचि रखते हैं, तो यह क्षेत्र आपके लिए बेहतरीन साबित हो सकता है।

## शिक्षा और योग्यता

**ट्रेंड फोरकास्टर बनने के लिए किसी विशेष डिग्री की आवश्यकता नहीं होती, लेकिन निम्नलिखित विषयों में शिक्षा आपके लिए फायदेमंद हो सकती है**

**फैशन, टेक्नोलॉजी, बिजनेस, मार्केटिंग और सांस्कृतिक रुझानों का विश्लेषण करना होगा**

**कंपनियों को आने वाले बदलावों के लिए तैयार करने में करता है मदद**

## प्रमुख कोर्स और संस्थान

- फैशन डिजाइन और मर्चेंडाइजिंग–नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी), पर्ल अकादमी।
- मार्केटिंग और बिजनेस स्टडीज़–भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), दिल्ली विश्वविद्यालय।
- मीडिया और कम्युनिकेशन–जामिया मिल्लिया इस्लामिया, एमिटी यूनिवर्सिटी।
- डेटा एनालिटिक्स और सांख्यिकी–इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीट्यूट।
- साइकोलॉजी और सोशियोलॉजी–जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआरईएसएस)

## प्रमुख कौशल

**एक सफल ट्रेंड फोरकास्टर बनने के लिए निम्नलिखित कौशल आवश्यक होते हैं।**

- बाज़ार और उपभोक्ता व्यवहार की समझ– उपभोक्ता की पसंद और प्रवृत्तियों को समझने की क्षमता।
- डेटा विश्लेषण– सांख्यिकी और एनालिटिक्स टूल्स (एक्सल, पायथन, आर) का ज्ञान।
- क्रिएटिव और आलोचनात्मक सोच–नए रुझानों को पहचानने और उनकी व्याख्या करने की क्षमता।
- डिजिटल मार्केटिंग का ज्ञान– सोशल मीडिया ट्रेंड्स व ऑनलाइन उपभोक्ता व्यवहार का विश्लेषण।
- संचार और प्रस्तुति कौशल– अपनी रिपोर्ट और निष्कर्षों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने की क्षमता।

## करियर के अवसर

- फैशन कंपनियां– ज़ारा, एचएंडएम, लुई वुइटन, सब्यसाची
- मार्केट रिसर्च फर्म्स – नीलसन, मैकिन्से, बीसीजी
- टेक्नोलॉजी और इनोवेशन कंपनियां– गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, ऐप्पल
- सोशल मीडिया और डिजिटल एजेंसियां– ओगिल्वी, डब्ल्यूपीपी ग्रुप
- स्वतंत्र कंसल्टेंसी– कई ट्रेंड फोरकास्टर स्वतंत्र रूप से भी काम करते हैं।

## करियर काउंसलर से सलाह लें

*किसी भी करियर को चुनने से पहले करियर काउंसलर से सलाह लेना फायदेमंद होता है, ताकि आप अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार सही निर्णय ले सकें। अधिक जानकारी के लिए आप www.careerjaano.com पर विजिट कर सकते हैं।*

---

# जीवन में सफलता हासिल करने के लिए सही रणनीति की आवश्यकता



मोटिवेशनल

डॉ. राजेश के. पिलानिया
प्रोफेसर, मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम

हम जीवन में सफल होने और एक आशाजनक करियर बनाने की आकांक्षा रखते हैं। यह एक अच्छी आकांक्षा है। इसे साकार करने के लिए, किसी को सही रणनीति की आवश्यकता होती है-एक ऐसी रणनीति जो न केवल एक सफल करियर का मार्ग प्रशस्त करे बल्कि यह भी सुनिश्चित करे कि हम इस यात्रा में अपनी सेहत और रिश्तों को बनाए रखें और यात्रा का आनंद लें। यहाँ एक सफल करियर के लिए सात चरणों की रणनीति दी गई है। यदि आप किसी विशेष क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में प्रयास करते हैं, तो किसी दिन आप निश्चित रूप से अपने करियर में सफलता हासिल करेंगे।

## काम करने की गहरी इच्छा जरूरी

सवाल यह है, क्या आप वास्तव में वह काम करना चाहते थे? क्या आपके पास उस काम को करने की गहरी इच्छा है? यदि जवाब नहीं है, तो वह विशेष काम आपके लिए नहीं है। यह खोजने की कोशिश करें कि आप वास्तव में क्या करना चाहते हैं; घंटों काम करने के बाद, क्या चीज आपको और काम करने के लिए अधिक उत्साहित करती है?

**एक योजना बनाएं :** 'सपने देखने वाले' और 'सफलता पाने वाले' के बीच एक पतली रेखा होती है: 'योजनाबद्धता'। योजनाबद्धता एक व्यक्ति के जीवन का सबसे आवश्यक हिस्सा है। हर काम के लिए एक योजना बनाएं जो आप करना चाहते हैं, हर लक्ष्य के लिए जो आप हासिल करना चाहते हैं। लक्ष्य के 'क्यों' और 'क्या' को खोजें और उसी के अनुसार एक अनुशासित योजना बनाएं।

**योजना का पालन करें :** 'योजनाबद्धता' को सही मार्ग पर लागू करने की इच्छा के साथ पालन करना होगा, जो सफलता की ओर ले जाता है। जब आप एक योजना के साथ काम करते हैं, तो तीव्र परिवर्तन होता है।

**अपने संसाधनों को आवंटित करें :** हर संसाधन के पहलू का उचित तरीके से उपयोग करना एक बहुत बड़ा अंतर पैदा करता है, क्योंकि समय एक सीमित संसाधन है, और अवसर एक सीमित समय अवधि के साथ आते हैं, इसलिए अपने समय को पुरस्कृत प्रयासों पर लाना संसाधन प्रबंधन का मुख्य हिस्सा है।

## कार्य में जीवन संतुलन बनाए रखें

जब आप अपने करियर बनाने के मार्ग पर हों, तो जीवन को नजरअंदाज न करना आवश्यक है। यह महत्वपूर्ण है कि जीना बंद न करें। अपनी योजना और संसाधन आवंटन में, कुछ ब्रेक-टाइम रखें ताकि आप आराम कर सकें, अपनी सेहत का ध्यान रख सकें, और अपने रिश्तों का ध्यान रख सकें। अच्छी सेहत और अच्छे रिश्तों के बिना सफलता खोखली और अर्थहीन है।

**नियमित साप्ताहिक और मासिक मूल्यांकन, प्रतिक्रिया और सीख बनाए रखें :** अपनी प्रगति पर नजर रखने से आपको उन बाधाओं के जवाब मिलते हैं, जो आपके लक्ष्यों और उपलब्धियों के बीच आ रही हैं। प्रयासों और निर्णयों का साप्ताहिक और मासिक मूल्यांकन रखना काम के प्रति विचार प्रक्रिया को विस्तार देता है।

**इस यात्रा का आनंद लें :** एक सफल करियर की यात्रा मांगलिक और चुनौतीपूर्ण होती है। इस प्रक्रिया का आनंद लेना आवश्यक है। यह महत्वपूर्ण है कि असफलताओं को दिल से न लें; इसके बजाय, असफलता से जो सीख मिलती है उसे लें और सुधार करें, और फिर से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें।

**लेखक :** डॉ. राजेश के. पिलानिया मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम में प्रोफेसर हैं। उन्होंने भारत में खुशी पर अग्रणी कार्य किया है और उन्हें भारत के **Happiness** प्रोफेसर और भारत के **Happiness** गुरु के रूप में लोकप्रिय रूप से जाना जाता है। उन्होंने दुनिया भर में लाखों लोगों के साथ खुशी के अंतर्दृष्टि साझा किए हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** रेडियोधर्मिता की खोज किसने की थी ?
(ए) रदरफोर्ड
(बी) हेनरी वेक्वेरेल
(सी) रोएंटजेन
(डी) आइन्स्टाइन

**2.** रेडियो सक्रियता किसका गुण है
(ए) इलेक्ट्रॉन का
(बी) प्रोटॉन का
(सी) न्यूट्रॉन का
(डी) नाभिक का

**3.** रेडियोसक्रिय परिवर्तन में भाग लेता है
(ए) परमाणु के संयोजी इलेक्ट्रॉन
(बी) परमाणु के कोर इलेक्ट्रॉन
(सी) परमाणु के नाभिक
(डी) इनमे से कोई नहीं

**4.** किसी परमाणु के स्थाई नाभिक में प्रोटॉनो की संख्या होती है
(ए) न्यूट्रॉन की संख्या के बराबर
(बी) न्यूट्रॉन की संख्या से अधिक
(सी) न्यूट्रॉन की संख्या से कम
(डी) इसमे से कोई नहीं

**5.** रेडियोधर्मिता की यूनिट है
(ए) ऐंग्स्ट्रॉम
(बी) कैंडेला
(सी) फर्मी
(डी) क्युरी

**6.** रेडियोधर्मी तत्व किसका उत्सर्जन करती है
(ए) पराबैंगनी किरणों का
(बी) $\alpha$ , $\beta$ तथा $\gamma$ विकिरण
(सी) रेडियो तरंगे
(डी) अवरक्त तरंगे

**7.** अल्फा और $\beta$ किरणों की खोज किसने की थी
(ए) डॉल्टन
(बी) रौंटजन
(सी) रदरफोर्ड
(डी) विलार्ड

**8.** किस वज्ञानिक ने $\gamma$ किरणों की खोज की
(ए) विलार्ड ने
(बी) रदरफोर्ड
(सी) रौंटजन
(डी) डॉल्टन

**9.** निम्न में कौन रेडियोसक्रिय किरण हीलियम नाभिक के समकक्ष होता है
(ए) $\alpha$ किरण
(बी) $\beta$ किरण
(सी) $\gamma$ किरण
(डी) इनमे से कोई नहीं

उत्तर 1.(बी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(डी) 6.(बी) 7.(सी) 8.(बी) 9.(ए)

## खबर संक्षेप

### रा आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव नौ को

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आगामी आठ एवं नौ अप्रैल को एक दिवसीय विशाल रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले में प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। जो योग्य युवाओं को रोजगार और शिक्षुता का अवसर प्रदान करेंगी। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### मजदूर वेलफेयर एसो की बैठक संपन्न

**नरवाना।** प्रधान पाल सिंह की अध्यक्षता में मंडी मजदूर वेलफेयर एसोसिएशन की मीटिंग अनाज मण्डी नरवाना में सम्पन्न हुई। जिसमें मण्डी मजदूर की समस्याओं पर विचार.विमर्श किया गया। जिसमें मजदूरों की पहचान के लिए पलेदारी का लाइसेंस बनवाकर औद्योगिक एवं वाणिज्यिक विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के लाभों को दिलवाया जा सके।

### इनेलो कार्यकर्ता कल देंगे ताऊ देवीलाल को श्रद्धांजलि

**जींद।** इनेलो जिलाध्यक्ष विजेंद्र रेढू ने बताया कि 25 सितंबर 1914 को सिरसा जिले के तेजाखेड़ा गांव में मां सुगना देवी और पिता लेखराम के यहां जन्में और ताऊ के नाम से मशहूर पूर्व उपप्रधानमंत्री स्व. ताऊ देवीलाल लंबी राजनैतिक यात्रा के बाद 6 अप्रैल 2001 में 86 वर्ष की आयु में सांसारिक यात्रा पूरी की। छह अप्रैल को जींद के ताऊ देवीलाल चौंक रोहतक रोड पर जिला जींद कार्यकारिणी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देंगे।

### नाबलिगा का अपहरण कर दुष्कर्म, दो नामजद

**जींद।** जुलाना थाना इलाका गांव से नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपित पीड़िता को कैथल बस अड्डे पर छोड़ कर फरार हो गए। जुलाना थाना पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर दो आरोपितों के खिलाफ चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट, अपहरण करने, दुष्कर्म करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### करसोला में स्वास्थ्य जांच शिविर कल

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के करसोला गांव में छह अप्रैल को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। पूर्व सैनिक वेल्फेयर एसोसिएशन के सदस्य नरेंद्र लाठर ने बताया कि ग्राम पंचायत और पूर्व सैनिक वेल्फेयर एसोसिएशन द्वारा करसोला गांव में छह अप्रैल को फ्री स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### आईटीआई में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**नरवाना।** उपमंडल रोजगार कार्यालय नरवाना ने 4 को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन कार्यालय के परिसर में किया गया। जिसमें 44 प्रार्थियों ने भाग लिया जिसमें सीस ;पेद्ध सिक्योरिटी कंपनी सरहिंद पटियाला से भरती अधिकारी संतोख सिंह ने प्रार्थियों के मौके पर ही सिक्योरिटी गार्ड के पद हेतु साक्षात्कार लिए और 30 प्रार्थियों को शॉर्ट लिस्ट करके आगामी कार्रवाई के लिए चयन किया।

### फसल उठान प्रक्रिया में आई तेजी

**जींद।** कार्यवाहक उपायुक्त विवेक आर्य ने बताया कि जिले में सरसों की खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है और किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। गत दिवस तक 1740.25 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी हैए जिसमें से 1188.02 मीट्रिक टन का उठान हो चुका है।

### संगठन ने बंद करवाई मांस की दुकानें

**जींद।** जयति-जयति हिंदू महान संगठन व गौ सेवा दल हरियाणा के सदस्यों के द्वारा नवरात्रि में खुली हुई मीट की दुकानों व अंडों की रेहड़ियों को बंद करवाने के लिए सैकड़ों की संख्या में काफिले के साथ मार्च निकाला गया। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय संयोजक अतुल चौहान ने बताया कि नवरात्रि के पवित्र दिनों में शहर में कई लोग अंडे व मीट की दुकानों खोले हुए है।

### मेले में श्रद्धालुओं ने की खरीदारी

# जयंती देवी मंदिर में सप्तमी पर मां दुर्गा के दर्शनों के लिए उमड़ी भीड़

## मंदिर परिसर में आयोजित जागरण में झूमे श्रद्धालु

**गायकों ने मां भगवती का गुणगान करके श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। जयंती देवी मंदिर में मां भगवती के दर्शनों के लिए लगी लंबी लाइन।


जींद। नवरात्र की सप्तमी पर जयंती देवी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

चैत्र नवरात्र की सप्तमी के मौकेपर शुक्रवार को जयंती देवी मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां भगवती की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। जयंती देवी मंदिर में मां भगवती के दर्शन करने के लिए पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। गुरूवार की रात मंदिर परिसर में मां भगवती का जागरण भी किया गया। जिसमें गायकों ने मां भगवती का गुणगान करके श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इसके बाद शुक्रवार को अल सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें लगनी शुरू हो गई थी। दिन निकलते-निकलते मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु जमा हो गए तथा चारों तरफ मां भगवती के जयकारें गूंजने लगे। यह क्रम देर रात तक जारी रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण मंदिर के सामने सुबह के समय कई बार जाम की स्थित बन गई। इस मौके पर मेले का भी आयोजन किया गया। जिसमें कई लोगों ने दुकानें लगाई थी। इन दुकानों पर महिलाओं तथा बच्चों ने जम कर खरीददारी की। श्रद्धालुओं को मां भगवती के दर्शन के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ा। देवी के दर्शन के लिए दूरदराज से महिलाओं की टोलियां भजन गाते हुए दर्शन के लिए आए। मां भगवती के दर्शनों के लिए उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस तथा मंदिर प्रबंध समिति के पदाधिकारियों को अच्छी खासी मशक्कत करनी पड़ी। सप्तमी पर जयंती देवी मंदिर में लगा मेला, स्वयंसेवकों ने संभाली व्यवस्था चैत्र नवरात्र की सप्तमी के मौकेपर जींद शहर की कुलदेवी जयंती देवी मंदिर में शुक्रवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां भगवती की पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। जयंती देवी मंदिर में मां भगवती के दर्शन करने के लिए पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने ही स्वयंसेवक बनकर व्यवस्था को संभाला और पिछले वर्षों की तरह इस मेले में भीड़ उमडऩे के बाद भी सड़क पर जाम नहीं लगने दिया।

### श्रद्धालुओं ने खीर और पकोड़ों का आनंद लिया

महाभारतकालीन जयंती देवी मंदिर में नवरात्रों की सप्तमी पर लगे मेले में दिनभर भंडारा चला। श्रद्धालओं को साबूदाने की खीर, हलवा और छौले का प्रसाद परोसा गया। मंदिर में नवरात्रों के दिनों के दौरान लगने वाले इस मेले में जींद ही नहीं, देश-प्रदेश भर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस दिन मंदिर में मां की अर्चना का खास महत्व होने के कारण ही लाखों श्रद्धालु उमड़ते हैं।

# फसल का समय पर उठान किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका


गुहला चीका। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह अनाज मंडी का निरीक्षण करते।

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने अनाज मंडी अंगौध, रामथली, कांगथली का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि किसानों को फसल बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। मंडियों में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, नापतोल, बिजली व्यवस्था जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं निरंतर रहे। एसडीएम कै. प्रमेश सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों की फसल को निर्धारित एमएसपी पर खरीदा जाए और खरीदी गई फसल का समय पर उठान किया जाए। सरकार के सभी नियमों की दृढ़ता से पालना करें। सभी अधिकारी कर्मचारी खरीद एजेंसियों, मंडी एसोसिएशन के साथ आपस में तालमेल करते हुए रबी सीजन को संपन्न करवाएं। उन्होंने किसानों से भी आह्वान किया कि वे अपनी फसल को सूखा कर मंडी लाए ताकि निर्धारित नमी के अनुसार जल्द खरीद की जा सके। उन्होंने कहा कि कुछ किसान फसल कटाई करने के बाद अवशेषों में आग देते हैं, जिससे काफी जानमाल की हानि होने की संभावना बनी रहती है। साथ ही पर्यावरण प्रदूषण होता है।


जींद। मां भगवती की आरती करते विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

### डिप्टी स्पीकर ने किया मां का गुणगान

**जींद।** आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि संसार में रहते हुए सब काम करो, किंतु मन मां के चरणावृंद में पिरो कर रखो। यही सुख-शांति पाने का अमोध उपाय है। आचार्य पवन शर्मा माता वैष्णवी धाम में आयोजित नवार्ण महायज्ञ में यज्ञ के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। पूर्व नगर परिषद् अध्यक्ष विनोद आषरी, डा. अनुपम भाटिया, डा. संजय शर्मा ने सपरिवार मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना कर महायज्ञ में आहुति दी। हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिढ़ा ने मां भगवती का गुणगान किया। उनके सुपुत्र रूद्राक्ष ने मां पवित्र चरणों में अपनी पुष्पांजलि अर्पित कर मां से जन-जन के लिए सुख-समृद्धि व मंगल की कामना करते हुए अपने संदेश में कहा कि आज की इस विषम परिस्थिति में मां की भक्ति ही एकमात्र जीवन की शक्ति है।

### मां कालका मंदिर में मूर्ति स्थापना-शोभा यात्रा आज

**जींद।** मां कालका मंदिर बैड मार्किट रविदास मोहल्ला में पांच अप्रैल को धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर मूर्ति स्थापना व शोभायात्रा का आयोजन होगा। जिसमें शहर के श्रद्धालु काफी संख्या में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में हरियाणा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा व प्रमुख भाजपा नेता राज सैनी, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल आदि विशिष्ठ अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। आयोजक दीपक भगत ने बताया कि पांच अप्रैल को दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। उसके बाद सायं 5 बजे मां कालका मंदिर में मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम होगा। अगले दिन छह अप्रैल को दोपहर 12 बजे भंडारे का आयोजन होगा।

- डिप्टी स्पीकर डा. मिड्ढा मुख्यातिथि होंगे

### डीएसपी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

**कैथल।** पुलिस द्वारा लगातार आमजन के बीच में जाकर उनकी समस्याएं सुनी जा रही है तथा इसके साथ उनका त्वरित समाधान किया जा रहा है। इसके अलावा इस दौरान पुलिस द्वारा आमजन को विभिन्न विषयों बारे जागरूक भी किया जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मुहिम दौरान डीएसपी बीर भान ने गांव गुहणा व नंद सिंह वाला में ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान डीएसपी ने कहा कि आज का युवा नशे व अपराधों की ओर ज्यादा अग्रसर है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि अपने बच्चों को नशे से बचाएं व सामाजिक कार्यों में सहयोग के लिये प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता है कि गांव में शांति का माहौल बना रहे और आम जनता में सुरक्षा की भावना बनी रहे। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि गांव में किसी भी प्रकार की गुटबाजी से दुर रहे।


कैथल। डीएसपी वीरभान ग्रामीणों की समस्याएं सुनते।


एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह आंगनबाडी केंद्र का निरीक्षण करते।

### एसडीएम ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने शुक्रवार को गांव रिवाड़ जागीर व रत्ताखेड़ा लुकमान में स्थित आंगनवाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों के रिकार्ड, बच्चों को दिए जा रहे राशन आदि की जानकारी ली। उन्होंने सुपरवाइजर को निर्देश देते हुए कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके साथ ही उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी को पत्र जारी करते हुए आंगनवाड़ी केंद्रो में मिली कुछ कमियों को जल्द दूर करने के आदेश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने आंगनवाड़ी परिसर में उगी झाड़ियों को कटवाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र में मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी, शौचालय, बिजली आदि की समुचित व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करें।

### सेतु-कार्यक्रम के बारे में बताया

**कैथल।** आरोही स्कूल ग्योंग में कार्यरत हिंदी प्राध्यापक डॉ. विजय चावला ने राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला हुड्डा कैथल में डिजिटल स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से कक्षा 5 के विद्यार्थियों के लिए तैयार छह सप्ताह के सेतु-कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया गया। डॉ विजय कुमार चावला ने बताया कि सेतु-कार्यक्रम के निर्माण कार्य हेतु जो विषय सामग्री ली गई है,उसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा विद्यालयी शिक्षा की पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2023 के दिशा निर्देशों का पूर्ण पालन किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के निदेशक प्रोफेसर दिनेश प्रसाद सकलानी के मार्गदर्शन में और डॉ नीलकंठ कुमार सदस्य समन्वयक की देख-रेख में यह सेतु कार्यक्रम तैयार हुआ है। विद्यालय के मुख्य शिक्षक जयभगवान,संदीप ढिल्लों मौजूद रहे।


मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला हुड्डा कैथल में डा. विजय चावला बच्चों के साथ


जींद। बैठक में भाग लेते एएफसी। फोटो :हरिभूमि

### हर घर जल जांचेगी एएफसी

**जींद।** ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत मिल रहे पेयजल की जांच व उपलब्धता के लिए थर्ड पाटी गांव में सर्वे करेगी व रिपोर्ट मुख्य कार्यालय को भेजेगी। इसके लिए आज कार्यकारी अभियंता संजीव कुमार की अध्यक्षता में एएफसी व विभाग की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर एएफसी से सत्यवान, जिला सलाहकार रणधीर मताना, उपमंडल अभियंता रणवीर सिंह, उपमंडल अभियंता सतीश नैन, उपमंडल अभियंता कर्मवीर सिंह, उपमंडल अभियंता सुनीता, उपमंडल अभियंता नवीन कुमार, खंड समन्वयक दिनेश मलिक, सुरेंद्र दुग्गल, सोमलता सैनी, बलवान सिंह, सुरेन्द्र नरवाल सहित सभी कनिष्ठ अभियंता मौजूद थे। एएफसी सत्यवान ने कहा कि थर्ड पार्टी द्वारा प्रत्येक गांव में पेयजल की उपलब्धता के लिए रैंडमली सर्वे करवाएगी।


जींद। विजेता छात्राएं प्राचार्या के साथ। फोटो :हरिभूमि

### मास्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज के वाणिज्य विभाग द्वारा केस मास्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता के विषय उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम, ऑनलाइन फ्रॉड, प्रतियोगिता अधिनियम, सूचना का अधिकार, आयकर अधिनियम, वस्तु एवं सेवा कर, वस्तु विक्रय अधिनियम और बौद्धिक संपदा अधिकार रहे। अध्यक्षता प्राचार्या डा. पूनम मोर ने की। वाणिज्य विभाग के प्रमुख डा. उपासना गर्ग ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं को सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक जीवन के प्रतिदृश्यों मे लागू करने के लिए मंच प्रदान करना है। जिससे उनके विश्लेषणात्मक और समस्या समाधान कौशल को निखारा जा सके। प्रतियोगिता ने छात्राओं में विभिन्न केस स्टडी पर आधारित अवस्थाओं का विश्लेषण किया और विभिन्न स्थिति समस्याओं के हल के बारे में उत्तर दिए।

# ओलंपियाड में छाए नन्हे-मुन्ने

- बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते सिल्वर जोन में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। ओलंपियाड में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी कक्षा के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने हाल ही में आयोजित लिटिल स्टार ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते सिल्वर जोन में भाग लिया और उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। इस ओलंपियाड में छोटे बच्चों ने विभिन्न विषयों जैसे गणित, सामान्य ज्ञान, भाषा कौशल और तार्किक क्षमता से जुड़े प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी बौद्धिक क्षमता और रचनात्मकता का परिचय दिया। विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों ने इन बच्चों को इस प्रतिस्पर्धा के लिए प्रोत्साहित किया। जिससे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ा और वे अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित हुए। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया और प्राचार्य रविंद्र कुमार ने बच्चों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि इतनी छोटी उम्र में हमारे नन्हे-मुन्ने ने प्रतिभा का प्रदर्शन कर स्कूल का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता न केवल बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाने में सहायक है।


जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते भाकियू पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### किसानों ने किया रोष प्रदर्शन

**जींद।** भाकियू ने शुक्रवार को राजपुरा भैण स्थित खरीद केंद्र पर प्रदर्शन किया। भाकियू के युवा जिला प्रधान बिंद्र नंबरदार ने कहा कि राजपुरा के खरीद केंद्र पर आसपास के कई गांव के किसान फसल बेचने आते हैं। एक अप्रैल की गेहूं की खरीद की घोषणा होने के बावजूद अभी तक न तो मंडी की सफाई हुई है और न ही बारदना पहुंचा है। किसानों ने मांगें पूरी नहीं होने पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि जल्द ही अनाज मंडी में गेहूं की फसल आने लगेगी। ऐसे में अगर दो दिन के अंदर खरीद केंद्र पर साफ.-सफाई और बरादाने की व्यवस्था नहीं हुई तो किसान मजबूरन बड़ा आंदोलन करेंगे और जींद के चारों तरफ से सड़कें जाम की जाएंगी। इसके अलावा हरियाणा सरकार ने बिजली बिलों में जो बढ़ोत्तरी की है, उसका भाकियू विरोध करती है।

### मरीजों से आचार, व्यवहार, इमरजेंसी की महत्ता को अवगत करवाया

# नवनियुक्त चिकित्सकों को पढ़ाया दायित्व का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। नवनियुक्त चिकित्सकों को डयूटी के प्रति दायित्व समझाते डा. भोला।

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में नवनियुक्त चिकित्कसों को कर्तव्यनिष्ठा व कार्य को लेकर सीनियर स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, एसएमओ डा. अरविंद, आरएमओ डा. कर्मबीर ने की। बैठक में नवनियुक्त चिकित्सकों को अस्पताल की कार्यप्रणाली से अवगत करवाया गया और मरीजों से आचार, व्यवहार, इमरजेंसी की महत्ता को अवगत करवाया। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि सबसे पहले तो सभी नवनियुक्त चिकित्सक अपने नेम की स्टैम्प बनवा लें। इसके बाद आई कार्ड बनवाया जाए और हाजिरी के लिए बायोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन जरूर करवाया जाए ताकि मेडलार रजिस्ट्रेशन को पूरा किया जा सके। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि डयूटी के दौरान सभी चिकित्सक एप्रेन अवश्य पहनें। बाकायदा 30 अप्रैल तक सभी नवनियुक्त चिकित्सक सीनियर स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में काम करेंगे व अस्पताल की व्यवस्थाओं को समझेंगे। इसके बाद एक मई से सभी चिकित्सक इंडीविजुअल काम करेंगे। डा. भोला ने कहा कि इमरजेंसी को मजबूत करने के लिए सभी चिकित्सक काम मिल कर करेंगे। इमरजेंसी में मरीज की गंभीरता को समझें और मरीज व उसके तिमारदारों के प्रति अपना आचार व व्यवहार अच्छा रखें। एसएमओ डा. अरविंद डा. अरविंद ने कहा कि सभी चिकित्सक अपनी जिम्मेवारी की गंभीरता को समझें।

### चिकित्सक को भगवान का दर्जा

चिकित्सक को भगवान का दर्जा दिया जाता है। ऐसे में अस्पताल में आने वाले हर मरीज के साथ हमारा व्यवहार अच्छा होना चाहिए। आप्रेशन वार्ड, गायनी वार्ड और इमरजेंसी वार्ड अस्पताल के सबसे अहम वार्ड होते हैं और इन्ही पर फोक्स भी है। इसलिए सभी नवनियुक्त चिकित्सकों को रोटेशन वाइज अस्पताल की व्यवस्थाओं में सहयोग करना है। डा. अरविंद ने कहा कि हमें जींद अस्पताल को प्रदेश का सबसे बैस्ट अस्पताल बनाना है। इसलिए सभी नवनियुक्त चिकित्सक ईमानदारी से और गंभीरता से काम करें।


जींद। बैठक में भाग लेते खाप प्रतिनिधि। फोटो :हरिभूमि

### बीस को मनाई जाएगी धन्ना भगत जयंती

**जींद।** बीस अप्रैल उचाना में धन्ना भगत की जयंती पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। मुख्य अतिथि के तौर पर सीएम नायब सिंह सैनी हिस्सा लेंगे। आयोजक राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला है। राज्यस्तरीय कार्यक्रम को लेकर पालवां चबूतरे पर खाप के प्रधान सूरजभान घसो की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक हुई। सूरजभान घसो ने बताया कि ये कार्यक्रम पूरी तरह से गैर राजनीति कार्यक्रम है। बस स्टैंड के पास जो जगह है वहां पर जनसभा का आयोजन होगा। जनसभा स्थल के आसपास पार्किंग वाहनों की जाएगी ताकि लोगों को कार्यक्रम में आने के लिए लंबी दूरी तय न करनी पड़े। हरियाणा सरकार एवं सर्व जातीय दाडन खाप मिल कर इस कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। खाप के हर गांव से लोगों को शामिल करके टीम बनाई गई है। उचाना हलके के साथ-साथ आसपास के एरिया में कार्यक्रम को लेकर निमंत्रण दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मारपीट में दंपत्ति घायल

**कैथल।** गांव ग्योंग में हुई मारपीट में पति-पत्नी घायल हो गए। गांव के स्वपन ले सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 23 मार्च को गांव के ही जोगी जाट ने रात के समय हमला करते हुए उसे तथा उसकी पत्नी अंजलि को घायल कर दिया। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी से छेड़छाड़ के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** थाना तितरम क्षेत्र में एक युवक द्वारा किशोरी से छेड़छाड़ करने तथा जबरन दोस्ती करने का मामला प्रकाश में आया है। तितरम थाना पुलिस के तहत आने वाले गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 15 फरवरी को रवि नामक युवक ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ की तथा जबरन दोस्ती करने का प्रयास किया। जब किशोरी द्वारा उसका विरोध किया गया तो आरोपी फरार हो गया।

### सीएससी पर आई महिला हुई लापता

**कैथल।** कैथल के कमेटी चौक स्थित सीएससी सेंटर पर आई एक महिला के गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। रजनी कॉलोनी कैथल के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 2 अप्रैल को प्रात करीब 9:30 बजे उसकी पत्नी किसी काम से कमेटी चौक पर सीएससी सेंटर पर आई थी लेकिन इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। उन्होंने उसकी आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल अयूब खान ने बताया कि जांच शुरू कर दी है।

### घर से हजारों के जेवरात और रुपये चुराए

**कैथल।** गांव डुलियानी के एक मकान से चोर हजारों रुपए की जेवरात व नकदी चुराकर ले गए। गांव के करतार सिंह ने पुंडरी पुलिस को शिकायत में आरोप लगाया है कि 2 अप्रैल की रात को कर उसके घर में घुसकर वहां पर रखे 24000 रुपए और जेवरात चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान के कुल कीमत करीब 90000 रुपए बताई गई है। दूसरे मामले में खेडी शेरखां की सुनीता ने राजोंद पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि कर 2 अप्रैल की रात को गांव भालंग की आंगनवाड़ी केंद्र का ताला तोड़ते हुए वहां पर रखी गेहूं, चावल, चीनी व सामान चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत 14000 बताई गई है।

### फसल अवशेषों में आग न लगाएं किसानः डीसी

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि रबी सीजन शुरू हो चुका है। गेहूं की फसल की कटाई शुरू हो चुकी है, ऐसे में कुछ किसान गेहूं फसल की कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों में आग लगा देते हैं जिससे पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ-साथ जमीन की उर्वरा शक्ति भी कमजोर होती है। सरकार द्वारा फसल अवशेषों में आगजनी करने पर पूर्ण प्रतिबंध भी लगाया हुआ है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे गेहूं फसल की कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों में आग न लगाएं बल्कि इसका उचित प्रकार से प्रबंधन करें।

## निर्माण के मात्र सात साल में ही गिरने लगा प्लास्टर

# नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग में आई सीलन, पीडब्ल्यूडी टीम ने किया निरीक्षण

- टीम ने मांगा बिल्डिंग का नक्शा, दो दिन बाद फिर निरीक्षण तैयार की जाएगी विस्तृत रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग अपने निर्माण के सात साल बाद ही सीलन की ग्रस्त में आ गई है। जिसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग द्वारा पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को दी गई थी। शुक्रवार को एसडीओ विनोद अपनी टीम के साथ अस्पताल पहुंचे और बिल्डिंग को जांचने का काम किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी साथ मौजूद रहे। टीम ने नई बिल्डिंग के प्रथम तल से ऊपर तक का निरीक्षण किया और सीलन को देखा। फिलहाल टीम ने बिल्डिंग के नक्शे की डिमांड स्वास्थ्य विभाग से की है। दो दिन के बाद टीम फिर से बिल्डिंग का निरीक्षण करेगी और अस्टीमेट तैयार करेगी। पीडब्ल्यूडी विभाग की टीम ने किया निरीक्षण पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ विनोद, जेई अस्पताल पहुंचे और स्वास्थ्य अधिकारियों को साथ ले निरीक्षण किया। टीम को स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि जगह-जगह सीलन आई हुई और पानी रिसाव होने से मरीजों व स्टाफ को भी परेशानी हो रही है। सीलन इतनी फैल गई है कि बिल्डिंग का पलास्टर गिरने लगा है। अगर यही हाल रहा था आगामी कुछ वर्षों में बिल्डिंग जर्जर होकर गिरनी शुरू हो जाएगी। इससे पहले एनक्वास टीम ने भी निरीक्षण के दौरान जगह-जगह सीलन की समस्या को लेकर सवाल उठाए थे।



नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग, जिसमें सीलन आई है।

### अस्टीमेट तैयार किए जाएंगे : डिप्टी एमएस

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डॉ. राजेश भोला ने बताया कि बिल्डिंग में सीलन को लेकर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को अवगत कराया गया था। टीम ने निरीक्षण किया है। टीम द्वारा बिल्डिंग नक्शे को मांगा गया है। जिसके हिसाब से टीम दो दिन बाद फिर से निरीक्षण करेगी। बाकायदा रिसाव को लेकर पाइप फिटिंग व अन्य कई तरह के अस्टीमेट तैयार किए जाएंगे।

### 2017 में किया था बिल्डिंग का उद्घाटन

नागरिक अस्पताल पहले सौ बैड का था। फिर अस्पताल का विस्तार करते हुए 200 बैड किया गया। जिस पर सौ बैड के लिए पुरानी बिल्डिंग के सामने ही नई बिल्डिंग बनाई गई। इस भवन का 14 अक्टूबर 2017 को तत्कालीन सीएम मनोहरलाल ने उद्घाटन किया था। बिल्डिंग निर्माण पर 30 करोड़ 59 लाख 75 हजार का खर्च पीडब्ल्यूडी विभाग ने किया था। धीरे-धीरे बिल्डिंग में सीलन की समस्या शुरू हो गई। बरसाती पानी लीकेज तो अंडरग्राउंड पाइप से लीकेज के चलते सीलन की समस्या लगातार बढ़ती चली गई। अब सीलन ज्यादा फैलने से बिल्डिंग का प्लास्टर भी उतरने लगा है। जो कभी भी मरीजों के लिए नुकसानदायी साबित हो सकता है। ऐसे में लोगों व स्वास्थ्य अधिकारियों ने बिल्डिंग निर्माण पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। नए भवन में ऑपरेशन थियेटर, गायनी वार्ड, लेबर रूम, ब्लड बैंक, एक्सरे सेंटर, सीटी स्कैन शामिल हैं। इसी के साथ चिकित्सक भी इसी बिल्डिंग में बैठकर ओपीडी करते हैं


कैथल। मदिरों में मां की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु

# नवरात्र के सातवें दिन किया मां कालरात्रि का पूजन

- दुर्गाष्टमी पर्व को लेकर बाजारों में जमकर हुई खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

नवरात्र के सातवें दिन भक्तिभाव और श्रद्धा के साथ मां कालरात्रि की पूजा की गई। नवरात्र के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना की जाती है। शुक्रवार को शहर के बड़ी देवी और छोटी देवी मंदिर में सुबह व शाम के समय श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। वहीं, शनिवार को दुर्गाष्टमी के पर्व को लेकर बाजार में भीड़ जुटी रही। श्रद्धालुओं ने कंजक पूजन के लिए सामान की जमकर खरीदारी की। छोटी देवी मंदिर के पुजारी पंडित विनायक भारद्वाज ने बताया कि मां कालरात्रि का स्वरूप उनके नाम के अनुरूप घने अंधकार जैसा काला है। उनके तीन नेत्र ब्रह्मांड के समान गोल और दिव्य हैं। मां की सवारी गर्दभ (गधा) मानी जाती है।

उनका दाहिना ऊपर उठा हाथ वरदान देने की मुद्रा में है, जबकि नीचे वाला हाथ अभय प्रदान करने का संकेत करता है। बाईं ओर ऊपर वाले हाथ में कांटा और नीचे वाले हाथ में खड्ग विराजमान है।

इस शुभ अवसर पर अपनों को मां की महिमा और सुख-समृद्धि की मंगलकामनाओं से भरे संदेश भेजकर शुभकामनाएं दी जा सकती हैं। शहर में नवरात्रे के सातवें दिन बड़ी माता व छोटी माता मंदिर में सुबह व शाम के समय में पूजा-अर्चना की जाती है जिससे सुख-समृद्धि की कामना होती है। चैत्र नवरात्र में इस बार अष्टमी व नवमी के दिन को एक दिन ही मनाया जा रहा है इस कारण अब की बार एक नवरात्र कम है। शनिवार को माता रानी के आठवें दिन हलवा, पुरी, आलू व अन्य प्रसाद को सुबह कन्याओं को भोजन करवाएंगे।

# खेती को बर्बाद करने पर तुली सरकार : महावीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौद

जाखौली गांव में भारतीय किसान मजदूर कमेरा वर्ग के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष महावीर चहल ने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव में भारत से आयात होने वाली वस्तुओं पर आयात शुल्क घटा कर भारत की खेती को बर्बाद करने पर तुली हुई है यह सरासर किसानों के साथ धोखा है, किसान यूनियन इसका विरोध करती है। चहल ने कहा कि किसानों के हित के लिए बड़े बड़े वायदे करने वाली भाजपा सरकार ने किसानों का शोषण करने से अलग कुछ नहीं किया।

उन्होंने कहा कि किसानों की आय दुगुनी करने का झांसा देकर, किसानों को कर्जदार बना दिया है। इस दौरान युवा प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र मागो माजरी ने कहा कि किसानों की अनदेखी कर रही है सरकार पिछली बार की तरह 70 प्रतिशत सरसों की फसल को भी न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम खरीदा है,जो सरासर किसानों की लूट दशार्ता है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए कार्य करें। जिला अध्यक्ष बलकार मलिक ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि राज्यस्थान और मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज पर हरियाणा प्रदेश के किसानों को भी 150 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से बोनस देना चाहिए। उन्होंने बिजली की बढ़ी दरों को वापिस लेने की सरकार से अपील की।


गांव जाखौली में बैठक में भाग लेते हुए किसान।

# महिलाओं में प्रतिभा की कमी नहीं : फूल कुमार

- गांव जाखौली में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ग्योग दे रहा 14 दिवसीय जुट बैग बनाने का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौद

खंड के गांव जाखौली में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ग्योग के माध्यम से 14 दिवसीय जुट बैग बनाने का प्रशिक्षण चल रहा है। इस बारे रवि कुमार ने बताया कि पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ग्योंग के द्वारा गांव जखौली में महिलाओं को मुफ्त जुट बैग उद्यमी,पैसे की बचत, आत्मविश्वास, आत्मनिर्भर व अन्य जानकारी देने का शिविर लगाया जा रहा है जिसमें 35 युवतियों व महिलाएं परिक्षण ले रही है। उन्होंने बताया कि उद्यमिता प्रशिक्षण संस्थान ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान को ग्रामीण विकास मंत्रालय का उपक्रम ग्रामीण महिलाओं को मुफ्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा सभी को चाय व दोपहर का भोजन भी संस्थान की ओर दिया जाता है। संकाय रवि ने बताया कि इस प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद महिलाओं को अपना उद्यम शुरू करने के लिए ऋण दिलवाने में मदद की जाएगी। राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता फुल कुमार ने कहा कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान इस तरह के प्रशिक्षण एवं अवसर दे रहा है तो हमें इनका लाभ उठाना चाहिए और अन्य लोगों को प्रचार प्रसार के माध्यम से बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी महिलाएं अपनी रुचि के अनुसार काम करने और स्वरोजगार को आगे बढ़ाने में आत्मविश्वास रखें और एक दूसरे की मदद करें। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आपको रोजगार का अवसर दे रहा है।

# संयुक्त किसान मोर्चे का धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे ने किया धरना.प्रदर्शन।मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में आज 1080 वें दिन भी जारी रहा जिस की अध्यक्षता मांगेराम खरल ने की और मंच संचालन महेन्द्र सिंह ने किया।

मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा ने मंच सांझा करते हुए बताया कि मौजूदा सरकार की कथनी और करनी में कितना अन्तर है वो आप के सामने है एअब तो हद ही हो गई है ए क्यों कि अब तो बिल भी रात के अंधेरे में पास होने लगे हैं । मोदी जी के दोस्त ट्रम्प के बेहतरीन तोफे का पता भारतीय जनता को पता ना चले इस लिए औरंगजेब की कब्र खोदने का मुद्दा मीडिया में उछाला गया और जब इस से भी काम नहीं चला वक्फ बोर्ड बिल लाकर एमुसलमानों की हितेषी सरकार होने का स्वांग रचा गया जैसे तीन तलाक बिल पास करवाने के समय रचा गया था।


**नरवान ।** रोष व्यक्त करते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

# स्कूलों में असुविधाओं और मांगों को लेकर गरजा संघ

- मौलिक शिक्षा निदेशक व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

उचाना खंड की इकाई ने शिक्षा विभाग मे छात्र शिक्षक हित के लिए खंड शिक्षा अधिकारी उचाना को मौलिक शिक्षा निदेशक व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मुद्दों और मांगों को उठाया। खंड प्रधान सतविंद्र श्योकंद और पूर्व जिला प्रधान रूपेन्द्र गोयत ने सरकारी स्कूलों से बच्चों को निजी विद्यालयों में भेजने का लालच देने जैसी योजना और चिराग योजना को विध्वंसक बताया और तुरंत ऐसी योजनाओं को बंद करने का आह्वान किया। सभी प्राथमिक विद्यालयों में स्वीपर, चौकीदार, क्लर्क की मांग मुख्य रूप से रखी गई। रविंद्र शर्मा खंड सचिव ने इसके साथ-साथ रेशनेलाइजेशन के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। राज्य संगठन सचिव विरेन्द्र सिंह ने स्थानांतरण के बारे में कहा कि जल्द से जल्द तबादले किए जायें। जिला संगठन सचिव सुशील कुमार ने कहा कि 2012 से पहले लगे शिक्षकों की एसीपी 1998 की नियमावली अनुसार लगाई जाए। प्रवक्ता हरिकेश कापडो ने बताया कि उल्लास के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसलिए उल्लास कार्य पढ़ें लिखे युवाओं से करवाया जाना चाहिए ताकि शिक्षक अपना कार्य भली.भांति कर सकें। खंड संयोजक पवन शर्मा ने कहा कि मेडिकल बिलों में आश्रित की आय की अनावश्यक शर्त को तुरंत प्रभाव से हटाया जाए। पूर्व खंड सचिव रामतीर्थ ने खेलों का बजट बढाने और पुरानी पैंशन बहाल करने की बात कही।


**जींद ।** बीईओ उचाना को मांगों का ज्ञापन सौंपते संघ पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# धान के किसानों को दी नई तकनीक की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

नरवाना मार्केट जाट धर्मशाला में सवाना सीड्स द्वारा किसान महासभा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस बैठक में 41 गांवों से 790 से अधिक प्रगतिशील किसानों व ट्रेड नरवानाए उचाना की दो मार्किट से 23 खुदरा विक्रेताओं और 6 वितरकों ने भाग लिया। बैठक में देवेंद्र राणा एमडीएम व मुकेश बीएम ने फुलपेज और स्मार्ट राइस की विशेषताओं तथा लाभों के बारे में बताया। इस बैठक में किसानों को फुलपेज के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि डीएसआर पद्धति में आने वाली चुनौतियों से निपटने का एक संपूर्ण समाधान है। मीटिंग में देवेंद्र राणा एमडीएम ने स्मार्ट राइस सवा 7301 और सवा 7501 के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में किसानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। महासभा में लकी ड्रा भी आयोजित किया जिसमें विजेताओं को उपहार वितरित किए गए। अंत में किसानों के सवालों के उचित जवाब दिए गए।



# नगर परिषद की लापरवाही से शहर में लगे कचरे के ढेर

**नरवाना।** नरवाना नगर परिषद की लापरवाही से शहर बना कचरे का ढेरए जगह.जगह पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। शहर के किसी कोने में चले? जाओ जगह.जगह पर कुंडे के ढेर लगे दिखाई देंगेए सबसे हैरान कर देने वाली बात तो ये है कि शहीदों के पास भी गंदगी के ढेर लगे दिखाई देंगे।जिन शहीदों ने देश को आजाद कराने में अपनी जान कुर्बान कर दी उनका सरेआम अपमान किया जा रहा है। प्रतिमाओं के पास लगे कुडे के ढेरों को ये नहीं हो सकता स्थानीय विधायक समाज कल्याण मंत्री कृष्ण बेदी ने न देखा और वो इसको नजर अंदाज कर गए।





कलायत के एसडीएम अजय हुड्डा गिरदावरी की जांच करते हुए

# कलायत एसडीएम ने बड़सीकरी गांव में की फसल गिरदावरी की जांच पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

कलायत एसडीएम अजय हुड्डा ने बड़सीकरी गांव का दौरा किया और गिरदावरी की मौके पर जाकर जांच पड़ताल की।

हलका पटवारी व कानूनगो के साथ मौके पर मुआयना करते हुए एसडीएम ने सिजरा व टैब में दर्ज जानकारियों का मिलान किया। एसडीएम ने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि उसी फसल का इंद्राज होना चाहिए, जो मौके पर लगाई गई है। पटवारी मौके पर जाकर गिरदावरी करें। फसलों की गिरदावरी एक महत्वपूर्ण कार्य है, ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसी गिरदावरी के अनुसार मंडी में उपज की खरीद होती है। डाटा सही नहीं होने के कारण किसान को फसल को मंडी में बेचने में परेशानी होती है।

**गड़बड़ी** | कलायत के गांव बालू में मामला गरमायाख, जमीन पर कब्जा करने का आरोप

# अंबेडकर भवन की जमीन पर निजी आवास का निर्माण, हरकत में आया प्रशासन

हरिभूमि न्यूज. कलायत

कलायत के गांव बालू में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए सरकार द्वारा निर्धारित नियमों को दर किनार करते हुए सरकारी भूमि पर निजी आवास निर्माण के लिए पंचायत द्वारा राशि मुहैया करवाने का मामला रंग पकड़ गया है। यह मामला गादड़ा पट्टी में भारत रत्न डा.भीम राव अंबेडकर भवन के लिए निर्धारित जमीन से जुड़ा है। इस मामले में डॉ. अंबेडकर कमेटी सदस्यों ने ने गादड़ा पट्टी के सरपंच व कुछ अन्य लोगों जमीन पर कब्जा करवाने के आरोप लगाए हैं। एसडीएम अजय हुड्डा को दी गई शिकायत के बाद शुक्रवार को बीडीपीओ समिता ठाकुर भारी पुलिस बल के साथ द्वारा मौका निरीक्षण करने पहुंची। इस दौरान मौजूद पंचायत सदस्यों और कर्मचारियों को यथा स्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए। कमेटी सदस्य शमशेर सिंह, पवन कुमार, प्रवीण, राजबीर, नवीन, कुलदीप, फूला राम, पिंकी, बलजीत और प्रदीप कुमार ने बताया कि गांव की गादड़ा पट्टी में डा.भीम राव अंबेडकर भवन के लिए ग्राम सभा द्वारा प्रस्ताव पास किया गया था। इस पर ग्राम पंचायत ने भी अपनी सहमति की मुहर लगाई थी। प्रदेश सरकार द्वारा डा.भीम राव अंबेडकर भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपए की ग्रांट भी दी गई। इससे भवन का निर्माण किया गया। खुद सरपंच द्वारा जमीन पर विवाद खड़ा करने से चारदीवारी व कुछ अन्य निर्माण कार्य अधर में लटके हैं। जब भी वे अपने स्तर पर जुटाई गई राशि व सरकारी ग्रांट से निर्माण कार्य शुरू करवाते हैं तो काम को बंद करवाने का दबाव बनाया जाता है।


कलायत में कार्यवाही के लिए शिकायत देने पहुंचे बालू गांव के लोग

### ग्रांट में रुचि नहीं ले रही पंचायत

डॉ. भीम राव अंबेडकर भवन कमेटी सदस्यों का कहना है कि अगस्त 2024 में जिला परिषद पार्षद दीप बालू के आग्रह पर 2 लाख 84 हजार ग्रांट भी भवन की दीवार निर्माण के लिए आया। इस निर्माण कार्य को भी शुरू होने से रोका जा रहा है। जबकि भवन को नुकसान पहुंचाने के लिए ग्राम पंचायत ने इसकी नींव के पास बूस्टर बोर की पाइप दबा दी गई। इससे लगातार पानी का रिसाव हो रहा है। जिससे भवन के ढहने का खतरा भी पैदा हो गया है। इतना ही नहीं भवन के लिए निर्धारित जमीन का जो भाग खाली है उस पर निजी क्षेत्र के लोगों की सरकारी ग्रांट से कालोनी अलाट की जा रही है। यह शासन-प्रशासन के साथ-साथ आम ग्रामीणों से मजाक है। क्योंकि संबंधित जमीन की निशानदेही में डा.भीम राव अंबेडकर भवन की स्थिति पूरी तरह से साफ है।

### यथा स्थिति बनाए रखने के आदेश

बीडीपीओ समिता ठाकुर ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद उनके द्वारा गांव बालू में जमीन का मौका मुआयना किया गया। जांच में सामने आया कि जमीन पर निजी आवास पर निर्माण हो रहा है वह पंचायती जमीन है। फिलहाल निर्माण कार्य रोक दिया गया है और पंचायत सदस्यों और कर्मचारियों को भी यथा स्थिति बनाए रखने के निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार की गाइडलाइन के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। मकान और जमीन से जुड़ी पूरी रिपोर्ट जिला उपायुक्त को भेजी जाएगी।